आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 15.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आतंकवाद को पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बताया–जयपुर में भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का उद्‌घाटन किया।

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–पाकिस्तान के साथ भविष्य में वार्ता सिर्फ आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर मुद्दे पर ही होगी।

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम–जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का समापन आज–राजस्थान प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा।

- प्रदेश में आज से एक बार फिर गर्मी का असर बढ़ा–पश्चिमी हिस्सों में आने वाले दिनों में लू चलने की आशंका।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत के सशस्त्र बलों ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। श्री धनखड़ आज जयपुर में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को धन्यवाद दिया। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय सेना ने विश्व स्तर पर नया मानदंड स्थापित किया है।

------------

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने अपनी ताकत दिखाने के लिए दूसरी बार जब पोखरण में परमाणु परीक्षण किया, तब भैरों सिंह शेखावत राजस्थान के मुख्यमंत्री थे। देश के विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। श्री धनखड़ ने भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्थित स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने बाबोसा को याद करते हुए कहा कि राजनीति में कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और जनसेवा के आदर्श प्रतिमान श्री शेखावत का देशहित और जनकल्याण के लिए समर्पित सम्पूर्ण जीवन सभी के लिए प्रेरणा है।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद और वार्ता साथ–साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ भविष्य में वार्ता सिर्फ आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर होगी। रक्षामंत्री ने आज श्रीनगर में सेना की 15 कोर बादामी बाग छावनी में सैनिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के साहस और शौर्य की सराहना करते हुए कहा कि देश को उनके संकल्प और समर्पण पर गर्व है। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पिछले कई दशकों से पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर से फैलाये जा रहे आतंक के खिलाफ भारत की कठोर और कड़ी कार्रवाई है।

000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये यात्रा अल्बर्ट हॉल से शुरू हुई और बड़ी चौपड़ पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले का देश के वीर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि इन्हीं जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

-------------

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी यात्रा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों और ब्लॉकों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है।

-------------

यात्रा में भाजपा के कई नेता, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, आध्यात्मिक गुरु, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

वहीं विभिन्न रेलवे स्टेशनों को तिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इसके साथ ही रेलवे कार्यालयों पर भी आकर्षक रोशनी की गई है। स्टेशनों पर यात्रियों को भारतीय सेना के अदम्य शौर्य की वीर गाथा से अवगत कराने के लिए देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आम लोग भी उत्साहित हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि नई शिक्षा नीति नैतिक मूल्यों की संवाहक है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति का प्रमुख आधार रहे हैं और नई शिक्षा नीति सभी को इन मूल्यों से जोड़ती है। वे आज राजस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक हजार शिक्षाविदों ने मिलकर देश में नई शिक्षा नीति तैयार की है। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्राचीन ज्ञान को आधुनिक दृष्टि से नई शिक्षा नीति के जरिए प्रसारित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा की महती भूमिका बताते हुए इसके लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा आज श्रीगंगानगर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। श्री गोदारा ने बजट घोषणाओं से संबंधित विकास कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। ऑपरेशन सिन्दूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों ने बेहतर तालमेल के साथ टीम के रूप में जो काम किया, वह सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को सिविल डिफेंस तथा अन्य वॉलन्टियर्स को समय—समय पर प्रशिक्षण देते रहने को कहा।

000

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज समापन हो रहा है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रंगारंग समारोह आयोजित किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 4 मई से शुरू हुए थे। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने सबसे अधिक 158 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं 117 पदकों के साथ हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा। राजस्थान ने 60 पदक जीते। इनमें 24 स्वर्ण, 12 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं। राजस्थान प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर है।

000

प्रदेश में आज से एक बार फिर गर्मी का असर बढ़ गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान 22 शहरों का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 45 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। इस बीच, विभाग ने आज अजमेर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के पश्चिमी हिस्सों में आने वाले दिनों में हीटवेव चलने की आशंका है। वहीं उत्तरी इलाकों में कहीं—कहीं आंधी चलने की संभावना है।

000

प्रदेश में आज से खरीफ 2025 सघन गुण नियंत्रण अभियान की शुरूआत हुई। 10 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाना है। कृषि विभाग के आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने बताया कि अभियान के तहत विभाग के अधिकारी खाद, बीज और कीटनाशक निर्माताओं तथा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर प्रभावी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर बिक्री पर रोक, जब्ती, लाईसेन्स निलम्बन और निरस्तीकरण जैसी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्रों, फार्म हाऊसों और ढ़ाणियों में कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।

000

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सिरोही की ओर से आज पाली के बांकली गांव में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान और साइबर क्राइम से बचाव विषय पर वार्ताएं रखी गईं। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई।

000